**प्रेस नोट**

**थाना नवावाब, झाँसी**

**दिनांक- 08.07.2026**

- ➢ **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही**
- ➢ **थाना नवाबाद पुलिस एवं स्वाट/सर्वेलंट टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना नवाबाद पर पंजीकृत लूट के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तगण पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार,**
- ➢ **अभियुक्तगण के कब्जे से 02 देशी तंमचे 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 1,49,100/- रूपये, 01 मोटरसाईकिल बरामद की गई।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस .मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 07.07.2026 को थाना नवाबाद पुलिस एवं स्वाट/सर्वेलंट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना नवाबाद क्षेत्रान्तर्गत भगवन्तपुरा की तरफ से करगुंवा जी जाने वाली सी.सी. रोड पर वीरेन्द्र राय के बसेरा फार्म के पास से मु0अ0सं0 332/2026 धारा 309(6) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तगण 1. छोटेलाल राजपूत उर्फ पवन राजपूत पुत्र लखन सिंह नि0 हाइटेक सिटी नहर के पास, थाना-रक्सा, जनपद-झांसी उम्र करीब 30 वर्ष, 2. दिनेश लोधी पुत्र मुरारी लोधी नि0 ग्राम टीला थाना-करैरा, जिला-शिवपुरी उम्र 28 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 देशी तंमचे 315 बोर व नाल में फंसे 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट के अपराध से सम्बन्धित 1,49,100/- रूपये, लूट की घटना में प्रयुक्त की गई 01 मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस मुठभेड़/गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नवाबाद में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त विवरण –

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 04.07.2026 को आवेदक श्री विजय बरसैया पुत्र श्री सीताराम गुप्ता मनु विहार सिविल लाइन झाँसी द्वारा गये प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात अभि0गण द्वारा रामराजा दवा बाजार की सुरक्षा में लगे सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाकर वादी की दुकान से नगदी रूपया लूट कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना नवाबाद पर मु0अ0सं0 332/26 धारा 309(6) BNS पंजीकृत किया गया। अज्ञात अभि0गण की गिरफ्तारी व तलाश के प्रयासों के क्रम में दिनांक 07.07.2026 को थाना नवाबाद पुलिस एवं स्वाट/सर्वेलंट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर भगवन्तपुरा की तरफ से करगुंवा जी जाने वाली सी.सी. रोड पर वीरेन्द्र राय के बसेरा फार्म के पास से अभियुक्तगण 1. छोटेलाल राजपूत उर्फ पवन राजपूत

**पुत्र लखन सिंह नि0 हाइटेक सिटी नहर के पास, थाना-रक्सा, जनपद-झांसी उम्र करीब 30 वर्ष, 2. दिनेश लोधी पुत्र मुरारी लोधी नि0 ग्राम टीला थाना-करैरा, जिला-शिवपुरी उम्र 28 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण व पुलिस बल के मध्य हुई मुठभेड़ में अभियुक्तगण के कब्जे से 02 देशी तंमचे 315 बोर व नाल में फंसे 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट के अपराध से सम्बन्धित 1,49,100/- रूपये, लूट की घटना में प्रयुक्त की गई 01 मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया ।**

मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तगण छोटेलाल राजपूत उर्फ पवन राजपूत एवं दिनेश लोधी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज, झांसी भेजा गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. छोटेलाल राजपूत उर्फ पवन राजपूत पुत्र लखन सिंह नि0 हाइटेक सिटी नहर के पास, थाना-रक्सा, जनपद-झांसी उम्र करीब 30 वर्ष,
2. दिनेश लोधी पुत्र मुरारी लोधी नि0 ग्राम टीला थाना-करैरा, जिला-शिवपुरी उम्र 28 वर्ष

## बरामदगी का विवरण –

**02 देशी तंमचे 315 बोर व नाल में फंसे 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट के अपराध से सम्बन्धित 1,49,100/- रूपये, लूट की घटना में प्रयुक्त की गई 01 मोटरसाईकिल**

## गिरफ्तारी करने वाली टीम –

1- प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद मय पुलिस टीम

2- प्रभारी निरीक्षक स्वाट मय टीम के।